आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 अगस्त 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित पुस्तिका और डाक आवरण का विमोचन करने के साथ ही वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि भारत की स्वाधीनता के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सभी ज्ञात–अज्ञात महान क्रांतिकारियों की स्मृतियों को नमन है। पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि दे रहा है। काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ पर आज से प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न आयोजन शुरू हुए हैं। इसी क्रम में कानपुर के नानाराव पेशवा स्मारक पार्क में काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के उन्हें श्रद्धांजलि दी और पौधरोपण किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गयी शहीद स्मृति यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवाजनों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बदायूं में राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को माला पहना कर सम्मानित किया तो वहीं कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अयोध्या के मण्डल कारागार में काकोरी एक्शन के नायक शहीद अश्फाक उल्ला खां के शहादत स्थल पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

वाराणसी में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि सिर्फ चालीस देशभक्तों की टीम ने काकोरी ट्रेन एक्शन जैसा कार्य किया था, जो उनके जज्बे और हौसले को दर्शाता है। इस मौके पर महराजगंज और गोरखपुर में चित्र प्रदर्शनी और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

****

लोकसभा ने आज वक्फ संशोधन विधेयक की जांच के लिये सदनों की संयुक्त समिति में अपने इक्कीस सदस्यों के नाम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस समिति में राज्यसभा के दस सदस्य भी होंगे। इस तरह समिति में कुल इकतीस सदस्य होंगे। इस समिति को अगले संसद सत्र के पहले सप्ताह के अन्तिम दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। संसदीय और अल्प संख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने प्रस्ताव रखा कि वक्फ विधेयक को सदनों की संयुक्त समिति को भेजा जाय, जिसमें लोकसभा के इक्कीस और राज्यसभा के दस सदस्य होंगे। कल लोकसभा में येह विधेयक पेश किया गया और बहस के बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया। सरकार ने कहा है कि प्रस्तावित कानून का मस्जिदों के कामकाज में हस्तक्षेप करने का इरादा नहीं है।

****

प्रदेश भर में नाग पंचमी का त्यौहार श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु नाग देवता और भगवान शिव का पूजन कर के श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं। वाराणसी में बाबा काशी विश्वनाथ, कैथी में मारकण्डेय महादेव, अयोध्या में नागेश्वरनाथ, गोरखपुर में झारखण्डी महादेव, बाबा मुंजेश्वरनाथ, देवरिया में दुग्धेश्वरनाथ, महेन्द्रानाथ सहित विभिन्न जिलों के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इस अवसर पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

****

प्रदेश सरकार तेरह से पन्द्रह अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन कर रही है। सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पांच से दस प्रतिशत अधिक तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वयंसहायता समूह की महिलाओं को तिरंगा बनाने का काम सौंपा गया है। विभिन्न सामाजिक संगठन भी तिरंगा का वितरण करा रहे हैं।

उधर, प्रदेश के विभिन्न जिलों के स्कूल–कॉलेजों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्लोगन, पेंटिंग और वाद–विवाद सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। उधर, पहाड़ों पर भी हो रही निरन्तर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है या उसके करीब है। गिरजा और शारदा बैराज से तीन लाख छः हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से सरयू नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। आसपास के गांवों में जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। नदी किनारे के गांव के लोग सुरक्षित स्थानों पर शरण ले रहे हैं। वहीं, गंगा नदी, बलिया और घाघरा नदी बाराबंकी में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। इसके अलावा गंगा नदी बदायूं, शारदा नदी लखीमपुर खीरी और घाघरा नदी अयोध्या और बलिया में खतरे के निशान के काफी करीब है। वाराणसी में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, इस कारण नौका संचालन के साथ ही क्रूज का परिचालन भी रोक दिया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश जारी रहेगी।

****